web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, रविवार 30 अप्रैल 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 211

## मुख्तार अंसारी को न्यायालय ने दी 10 साल की सजा, 5 लाख का जुर्माना लगा



**गाजीपुर (आरएनएस)।** माफिया मुख्तार अंसारी पर गैंगस्टर मामले में कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया है। कोर्ट ने मुख्तार अंसारी को दस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही उनपर 5 लाख का जुर्माना भी लगाया गया है। गाजीपुर की एमपी/एमएलए कोर्ट ने 2005 के कृष्णानंद राय अपहरण-हत्या मामले में उन्हें शनिवार को दोषी करार दिया। मुख्तार को 10 साल जेल की सजा सुनाई गई है। खबर के मुताबिक अफजाल अंसारी पर दोपहर दो बजे फैसला आएगा। दोनों के खिलाफ 2007 में गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदना दर्ज किया गया था। मुख्तार अंसारी और उनके बड़े भाई और बसपा सांसद अफजाल अंसारी के खिलाफ अपहरण और हत्या के मामले में फैसला आने से पहले अदालत के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। पांच बार के पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी पर 1996 में विश्व हिंदू परिषद के नेता नंदकिशोर रूंगटा के अपहरण मामले और 2005 में भाजपा विधायक कृष्णानंद राय की हत्या में शामिल होने का मामला दर्ज किया गया था। मुख्तार अंसारी के खिलाफ इस साल जनवरी में 2001 की उसरी चट्टी गैंगवार की घटना के सिलसिले में हत्या का मामला दर्ज किया गया था। उनके खिलाफ गाजीपुर के मोहम्मदाबाद पुलिस स्टेशन में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 302, 147, 148, 149 के तहत मामला दर्ज किया गया था।

**मुख्तार के भाई अफजाल अंसारी को 4 साल की सजा, 1 लाख का लगा जुर्माना-** उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले की एक अदालत ने माफिया और पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी के बाद उनके भाई अफजल अंसारी को कोर्ट ने चार साल की सजा सुनाई है साथ ही एक लाख का जुर्माना भी लगाया गया है। दो साल से ज्यादा की सजा होने के कारण अफजाल अंसारी की संसद सदस्यता भी खत्म हो गई।

अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम/एमपी-एमएलए कोर्ट में सांसद अफजाल अंसारी व मुख्तार अंसारी पर चल रहे पुराने गैंगस्टर के मुकदमे में फैसला सुनाया गया। इस केस में मुख्तार अंसारी को दस वर्ष की कैद और पांच लाख का जुर्माना लगा है। अफजाल अंसारी को दो साल की सजा हुई है। ऐसे में उनकी संसद सदस्यता जाना तय है।

अधिवक्ता के अनुसार अफजाल को कड़ी सुरक्षा के बीच गाजीपुर जेल भेज दिया गया है। 30 दिन के अंदर फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील कर सकेंगे। अफजाल अंसारी, मुख्तार अंसारी के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत एमपी/एमएलए कोर्ट में चल रहे इस केस में भाजपा विधायक कृष्णानंद राय हत्याकांड केस गैंग चार्ट में शामिल है। जबकि नन्दकिशोर रूंगटा के अपहरण और हत्या का केस भी गैंग चार्ट में शामिल है।

ज्ञात हो कि बहुचर्चित कृष्णानंद राय हत्याकांड और व्यापारी नंदकिशोर रूंगटा अपहरण के बाद मुख्तार और अफजाल पर गैंगस्टर एक्ट में केस दर्ज किया गया था। इस मामले में 2007 में गैंगेस्टर एक्ट के तहत अफजाल अंसारी, उनके भाई माफिया डॉन मुख्तार अंसारी और बहनोई एजाजुल हक पर गैंगेस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था। एजाजुल हक का देहांत हो चुका है। इस मामले में एक अप्रैल को सुनवाई पूरी हो गई थी। पहले इस मामले में पहले 15 अप्रैल को फैसला आना था लेकिन बाद में तारीख को बढ़ाकर 29 अप्रैल कर दिया गया था।

## सेना की तोपखाना रेजिमेंट में पहली बार हुई पांच महिला अधिकारियों की तैनाती, अब चलाएंगी तोप और रॉकेट



**नई दिल्ली । आरएनएस**

भारतीय सेना ने पहली बार अपनी तोपखाना रेजीमेंट में पांच महिला अधिकारियों को शामिल किया है। तोपखाना रेजीमेंट में शामिल होने वाली महिला अधिकारियों ने शनिवार को चेन्नई में ऑफिसर्स ट्रेनिंग एकेडमी में अपना प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया। सैन्य सूत्रों ने बताया कि तोपखाना रेजीमेंट में लेफ्टिनेंट महक सैनी, लेफ्टिनेंट साक्षी दुबे, लेफ्टिनेंट अदिति यादव और लेफ्टिनेंट पायस मुद्गिल समेत पांच महिला अधिकारियों को शामिल किया गया है।

सूत्रों ने बताया कि पांच महिला अधिकारियों में से तीन को चीन के साथ लगती सीमाओं पर तैनात टुकड़ियों में नियुक्त किया गया तथा दो अन्य महिला अधिकारियों को पाकिस्तान के साथ अग्रिम सीमा के समीप 'चुनौतीपूर्ण स्थानों' पर तैनात किया गया है। एक सूत्र ने बताया कि तोपखाना रेजीमेंट में महिला अधिकारियों की तैनाती भारतीय सेना में चल रहे परिवर्तन का प्रमाण है। जनवरी में सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने तोपखाना इकाइयों में महिला अधिकारियों को शामिल करने की घोषणा की थी। बाद में सरकार ने भी इस प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी थी।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### चप्पल में छुपाकर रखा था 10 लाख का कोकीन, नाइजीरियाई समेत दो गिरफ्तार

**मुंबई (आरएनएस)।** मुंबई कस्टम के अधिकारियों ने एक नाइजीरियाई नागरिक समेत दो लोगों के पास से 10 लाख रुपये का कोकीन बरामद किया है जिसे चप्पल में छिपाकर रखा गया था। कस्टम के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आरोपी पहले भी कुछ मामलों में शामिल रहे हैं। अधिकारी ने कहा, खुफिया सूचना के आधार पर एसआईआईबी/कुरियर सेल और एपीएससी, मुंबई ने तीन जोड़ी चप्पलों में छिपाकर रखा गया 99 ग्राम कोकीन बरामद कर लिया जिसका मूल्य करीब 10 लाख रुपये है। आगे की कार्रवई में एक नाइजीरियाई नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारी ने बताया कि यह स्पष्ट है कि आरोपी ने एनडीपीएस कानून की धारा 8 का उल्लंघन किया है और एनडीपीएस एक्ट की धारा 21, 23 और 29 के तहत दंडणीय अपराध किया है। उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले में आगे जांच की जा रही है

### जम्मू-कश्मीर में सडक़ हादसा, सेना के दो जवानों की मौत

**जम्मू (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में एक सडक़ दुर्घटना में सेना के दो जवानों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि राजौरी जिले के डुंगानोन नाला में चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया था, जिस कारण वाहन गहरी खाई में गिर गया। इस दुर्घटना में सेना के दो जवानों की मौत हो गई। इस हादसे में हवलदार सुधीर कुमार और परमवीर सिंह के रूप में पहचाने गए 2 सिपाही घायल हो गए। अधिकारियों ने कहा कि दोनों को तत्काल राजौरी शहर के सैन्य अस्पताल में ले जाया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया।

### चित्तौड़गढ़ : अल्टो कार से 3 किलो 150 ग्राम अवैध अफीम जब्त, 3 आरोपी गिरफ्तार

**चित्तौड़गढ़ (आरएनएस)।** कोतवाली निम्बाहेड़ा थाना पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक अल्टो कार से 3 किलो 150 ग्राम अवैध अफीम जब्त कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तीनों आरोपी मध्यप्रदेश के कुकड़ेश्वर थाने के निवासी हैं। जिले में अवैध मादक पदार्थ की धरपकड हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थानाधिकारी कोतवाली निम्बाहेड़ा फूलचन्द के निर्देश पर शनिवार को अश्विनी कुमार (उनि) ईन्चार्ज थाना मय जाप्ता द्वारा जलिया चैक पोस्ट पर नाकाबन्दी की जा रही थी। नाकाबन्दी के दौरान एक अल्टो कार को रुकवा कर चैक किया गया तो कार मे 3 किलो 150 ग्राम अवैध अफीम मिली। उक्त अवैध अफीम व कार को जप्त कर कार चालक मध्यप्रदेश के नीमच जिले के पिपलिया खुर्द थाना कुकडेश्वर निवासी 38 वर्षीय प्रभु लाल पुत्र मोतीलाल डागी, 39 वर्षीय सत्यनारायण पुत्र बापु लाल गुर्जर व नलवा थाना कुकडेश्वर निवासी 45 वर्षीय रामनारायण पुत्र उकार लाल डागी को गिरफ्तार किया जाकर कोतवाली निम्बाहेड़ा थाने पर एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों से विस्तृत अनुसंधान जारी है।

### डब्ल्यूएफआई प्रमुख पर यौन शोषण का आरोप लगाने वाले पहलवानों को दिल्ली पुलिस मुहैया कराएगी सुरक्षा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन शोषण का आरोप लगाने वाले एक नाबालिग समेत सात पहलवानों को दिल्ली पुलिस सुरक्षा मुहैया कराएगी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, हम पहलवानों को सुरक्षा मुहैया कराएंगे और जल्द ही उनके बयान दर्ज कराएंगे। शनिवार को सिंह के खिलाफ दर्ज दो एफआईआर में से एक की कॉपी पहलवानों को सौंपी गई, जो यहां जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे हैं। पुलिस ने कहा कि हालांकि, यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत दर्ज अन्य प्राथमिकी की प्रति पहलवानों को नहीं दी गई है, इसे पीड़ित परिवार को सौंप दिया जाएगा। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि वे जल्द ही पीड़ितों के बयान दर्ज करेंगे। महिला पहलवानों द्वारा लगाए गए आरोपों के जवाब में पुलिस ने शुक्रवार शाम को डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की।

महाराष्ट्र में बड़ा हादसा


## भिवंडी में भरभराकर गिरी इमारत, मलबे में 20 लोग दबे; रेस्क्यू जारी



**भिवंडी(आरएनएस)।** महाराष्ट्र में ठाणे जिले के भिवंडी में इमारत गिरने से 15 से 20 लोग मलबे में दब गए है। कुछ स्थानीय लोगों के मुताबिक मलबे में 40 से 50 लोगों के दबे होने की बात कही जा रही है। स्थानीय लोगों ने दमकल और डिजास्टर को फोन कर जो सूचना दी है। अब तक मिली जानकारियों के मुताबिक यह ग्राउंड प्लस टू यानी तीन मंजिली इमारत थी। भिवंडी के वलपाडा इलाके में करीब 12 बजे यह हादसा हुआ।

घटनास्थल पर डिजास्टर मैनेजमेंट और हृष्ठक्रस्न और पुलिस कि टीम पहुंच चुकी है और रेस्क्यू जारी है। फायर ब्रिगेड की टीम पहुंच चुकी है। इमारत का नाम वर्द्धमान बिल्डिंग था। इस इमारत के नीचे गोदाम है और ऊपर रेसिडेंस थे।

## पीएम के मन की बात की 100वें एपिसोड का जश्न, सैंड आर्टिस्ट ने 100 रेडियो के बीच बनाई मोदी की आकृति





**भुवनेश्वर (आरएनएस)।** प्रसिद्ध सैंड आर्टिस्ट सुदर्शन पटनायक ने ओडिशा के पुरी समुद्र तट पर मन की बात के 100 एपिसोड का जश्न मनाने के लिए 100 रेडियो के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक रेत की आकृति बनाई है। पटनायक ने लगभग सात टन रेत का उपयोग करके 8 फुट ऊंची रेत कला बनाई है। उन्होंने 100 रेत रेडियो से प्रधानमंत्री की एक रेत की मूर्ति भी बनाई। मूर्तिकला को पूरा करने के लिए उनके सैंड आर्ट स्कूल के छात्र उनके साथ शामिल हुए।

पटनायक ने कहा, इससे पहले, मैंने विभिन्न अवसरों पर 'मन की बात' में कुछ रेत की मूर्तियां बनाईं। इसके अलावा, रेडियो पर रेत की मूर्तियां भी विश्व रेडियो दिवस जैसे अवसरों पर बनाई गईं। 3 अक्टूबर 2014 को पहली बार प्रसारित मोदी का प्रमुख रेडियो संबोधन 30 अप्रैल को 100 एपिसोड पूरे करेगा।

अब तक, पद्म विजेता कलाकार ने दुनिया भर में 60 से अधिक अंतरराष्ट्रीय सैंड आर्ट प्रतियोगिताओं और उत्सवों में भाग लिया है और कई पुरस्कार जीते हैं। वह हमेशा अपनी सैंड आर्ट के जरिए विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर जागरूकता पैदा करने की कोशिश करते हैं। उनकी रेत कलाओं की संयुक्त राष्ट्र, डब्ल्यूएचओ और संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण द्वारा सराहना की जाती है।

## ईडी ने बायजू के परिसरों पर मारा छापा, तलाशी के दौरान, विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल डेटा जब्त




**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के प्रावधानों के तहत बेंगलुरु में रवींद्रन बायजू और उनकी कंपनी 'थिंक एंड लर्न प्राइवेट लिमिटेड' के तीन परिसरों में तलाशी और जब्ती अभियान चलाया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। कंपनी बायजू के नाम से लोकप्रिय ऑनलाइन एजुकेशन पोर्टल चलाती है। तलाशी के दौरान, विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल डेटा जब्त किए गए।

अधिकारी ने कहा, फेमा की खोजों से यह भी पता चला है कि कंपनी को 2011 और 2023 के बीच 28 हजार करोड़ रुपये का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्राप्त हुआ। इसके अलावा, कंपनी ने विदेशी प्रत्यक्ष निवेश के नाम पर इसी अवधि के दौरान विभिन्न विदेशी संस्थाओं में 9754 करोड़ रुपये भी भेजे।

ईडी के मुताबिक, कंपनी ने विज्ञापन और मार्केटिंग खर्च के नाम पर करीब 944 करोड़ रुपये बुक किए हैं, इसमें विदेशी अधिकार क्षेत्र में भेजी गई राशि भी शामिल है। इसमें आरोप लगाया गया है कि कंपनी ने वित्त वर्ष 2020-21 से अपने वित्तीय विवरण तैयार नहीं किए हैं और खातों का ऑडिट नहीं कराया है, जो अनिवार्य है।

इसलिए, कंपनी द्वारा प्रदान किए गए आंकड़ों की वास्तविकता की बैंकों से जांच की जा रही है। विभिन्न व्यक्तियों से प्राप्त शिकायतों के आधार पर खिलाफ जांच शुरू की गई है। जांच एजेंसी द्वारा की गई जांच के दौरान, कई सम्मन जारी किए गए थे। अधिकारी ने कहा, कंपनी के संस्थापक और सीईओ रवींद्रन बायजू को कई बार सम्मन जारी किया गया। लेकिन वह हमेशा टालमटोल करते रहे और जांच के दौरान कभी पेश नहीं हुए।

इस बीच बायजू की कानूनी टीम के प्रवक्ता ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों का बैंगलोर में उनके एक कार्यालय का दौरा, फेमा के तहत एक नियमित पूछताछ से संबंधित है। उन्होंने कहा, हम अधिकारियों के साथ पूरी तरह से सहयोग कर रहे हैं और उन्हें उनके द्वारा मांगी गई सभी जानकारी प्रदान की है। हमें अपने संचालन की अखंडता में विश्वास है, और हम नैतिकता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम यह सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों के साथ मिलकर काम करना जारी रखेंगे कि उनके पास आवश्यक सभी जानकारी है, और हमें विश्वास है कि इस मामले को समय पर और संतोषजनक तरीके से सुलझा लिया जाएगा।

प्रवक्ता ने कहा, हम भारत और दुनिया भर में अपने ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता वाले शैक्षिक उत्पाद और सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## दिल्ली एयरपोर्ट पर यात्री की पालतू बिल्ली लापता, एयर इंडिया पर लापरवाही का आरोप

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** एयर इंडिया की एक यात्री ने दिल्ली हवाईअड्डे पर अपनी पालतू बिल्ली के लापता होने के बाद एयरलाइन स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाया है। यह घटना बुधवार को हुई और यात्री दिल्ली से इम्फाल जाने वाली फ्लाइट एआई 889 में सवार थी। सोनी एस. सोमर नाम के एक ट्विटर यूजर ने अपनी दोस्त की कहानी साझा करते हुए पालतू जानवरों के प्रति कथित दुर्व्यवहार के लिए कार्रवाई की मांग की।

उन्होंने ट्वीट किया, एयरइंडियन स्टाफ की लापरवाही के कारण मेरी दोस्त की पालतू बिल्ली लापता है। यह दिल दहला देने वाली घटना है और आपकी लापरवाही अक्षम्य है। आपको अपने कार्यों की जिम्मेदारी लेनी चाहिए और चीजों को तुरंत ठीक करना चाहिए।

यात्री जांगनेइचोंग करोंग ने एयर इंडिया को ईमेल में लिखा है कि उसे कहा गया था कि वह या तो अपनी उड़ान को रीशेड्यूल करे या अपनी पालतू बिल्लियों को केबिन में ले जाने के लिए बिजनेस क्लास में अपग्रेड करे। हालांकि, बिजनेस क्लास अनुपलब्ध था, और उसको एकमात्र पसंद कार्गो के माध्यम से बिल्लियों को परिवहन कराना था।

एयर इंडिया के कर्मचारियों को उसने बिल्लियों को सौंप दिया। और बाद में उसे पता चला कि उसकी एक बिल्ली भाग गई। ईमेल में, यात्री ने कहा कि उसका दिल टूट गया और पूरी तरह से सदमे में चले गई कि उसकी एक बिल्ली गायब हो गई। उनका मानना था कि एयर इंडिया के कर्मचारी कैट कैरियर्स के साथ सावधान नहीं थे क्योंकि जब वह इंफाल पहुंचीं तो कुंडी ढीली महसूस हुई, और उन्हें यकीन नहीं कि किसने ऐसा किया जिसके परिणामस्वरूप उन्होंने पालतू जानवर को खो दिया।उन्होंने मांग की कि एयरलाइन के अधिकारी उसके खोए हुए पालतू जानवर के ढूंढे या आवश्यक कार्रवाई का सामना करें।

## चारधाम यात्रा 2023 : श्रद्धालुओं के लिए मौसम बड़ी चुनौती, शाम को माइनस 3डिग्री तक पहुंच रहा तापमान



**रुद्रप्रयाग (आरएनएस)।** उत्तराखंड में एक ओर मौसम की मनमर्जियां जारी हैं। तो दूसरी ओर चारधाम यात्रा पर आए श्रद्धालुओं के लिए मौसम बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। धाम में लगातार बर्फबारी हो रही है। बर्फबारी की वजह से धाम में शाम को तापमान माइनस तीन डिग्री तक पहुंच जा रहा है। जिस कारण पैदल मार्ग और धाम में श्रद्धालुओं को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग ने भी आगामी तीन मई तक चारधाम में बर्फबारी की चेतावनी जारी की है। रुद्रप्रयाग पुलिस-प्रशासन ने भी लोगों से अपील है कि वो मौसम का मिजाज देखकर ही आगे बढ़ें। बाबा केदार के दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं से सरकार ने निवेदन किया है कि वो एक मई के बाद का ही अपना रजिस्ट्रेशन कराएं। क्योंकि एक मई के लिए करीब 30 हजार लोगों ने बाबा केदार के दर्शन करने के लिए अपना रजिस्ट्रेशन कराया है।

बर्फबारी के बाद केदारनाथ धाम में लगातार तापमान में गिरावट देखी जा रही है, जिससे यहां पर ठंड काफी बढ़ गई है, जिसका असर बुजुर्ग तीर्थयात्रियों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। केदारनाथ धाम में अभीतक चार लोगों की मौत हो चुकी है। इन तीर्थयात्रियों की मौत का कारण ठंड और ऑक्सीजन की कमी के कारण हार्टअटैक आना ही बताया जा रहा है। शाम के समय तो तापमान माइनस 3 डिग्री तक पहुंच रहा है। ऐसे में यात्रियों को कहीं न कहीं दिक्कतें हो रही हैं। अभी तक दो हजार से अधिक यात्रियों का ट्रीटमेंट किया गया है।

रुद्रप्रयाग पुलिस अधीक्षक डॉ विशाखा भदाणे ने कहा कि मौसम को देखते हुए यात्रा का संचालन किया जा रहा है। सोनप्रयाग में रजिस्ट्रेशन चेक करने के बाद यात्रियों को आगे भेजा जा रहा है। सुबह चार बजे से गौरीकुंड बैरियर यात्रियों के लिये केदारनाथ धाम जाने के लिये खोला जा रहा है।

जिला प्रशासन के मुताबिक बीते पांच दिनों में 70 हजार से ज्यादा तीर्थयात्री बाबा केदार के दर्शन कर चुके है। वहीं यात्रियों की भीड़ के कारण सोनप्रयाग में लंबा जाम लग जा रहा है। धाम में मौसम खराब होने के कारण तीर्थयात्रियों को सुबह 10 बजे तक ही सोनप्रयाग से आगे के लिए भेजा जा रहा है। आपको बता दें कि सोनप्रयाग से ही यात्रियों को शटल सेवा के जरिये गौरीकुंड के लिये भेजा जा रहा है। गौरीकुंड से ही केदारनाथ धाम के लिए 16 किमी की लंबी खड़ी चढ़ाई शुरू होती है।

सोनप्रयाग और गौरीकुंड बैरियर सुबह चार बजे खोले जा रहे हैं। गौरीकुंड बैरियर को इन दिनों मौसम खराब होने के कारण दोपहर 12 बजे बंद किया जा रहा है। धाम जाने वाले यात्रियों को सुबह दस बजे से पहले सोनप्रयाग पहुंचकर अपना रजिस्ट्रेशन चेक करवाकर आगे की यात्रा करनी होगी। यदि मौसम खराब रहता है। और यात्री दस बजे बाद सोनप्रयाग पहुंचते हैं। तो उन्हें यात्रा करने के लिये एक दिन का इंतजार और करना पड़ सकता है।